RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 14 अगस्त 2025 | वर्ष 07 | अंक 116 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

**मुंबई : पूर्व विधायक बच्चू कडू को सरकारी अधिकारी पर हमला करने और उसे धमकाने के जुर्म में तीन साल कारावास की सजा**



Page - 2

# वसई-विरार घोटाला: पूर्व कमिश्नर अनिल पवार समेत 4 गिरफ्तार

## करोड़ों की बेनामी संपत्ति जब्त

वसई : ED ने पूर्व VVCMC (वसई विरार सिटी म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन) के कमिश्नर अनिल पवार को गिरफ्तार किया गया. एऊने मामले में पूर्व नगरसेवक सीताराम गुप्ता, उसके बेटे अरुण गुप्ता और डेप्यूटी टाउन प्लैनेर र रेडी को भी गिरफ्तार में किया है. आपको बता दें कि 29 जुलाई 2025 को प्रवर्तन निदेशालय, मुंबई जोनल ऑफिस ने मनी लॉन्ड्रिंग निरोधक अधिनियम, 2002 के तहत मुंबई, पुणे, नासिक और सटाना में 12 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की.



यह कार्रवाई वसई-विरार नगर निगम घोटाले से जुड़े जयेश मेहता और अन्य आरोपियों के खिलाफ की गई. इस दौरान 1.33 करोड़ नकद के साथ-साथ बड़ी संख्या में आपत्तिजनक दस्तावेज, संपत्ति के कागजात, बेनामी संपत्तियों और अनिल पवार (तत्कालीन VVCMC कमिश्नर) के रिश्तेदारों के नाम पर दस्तावेज जब्त किए गए.

**आरक्षित जमीन पर खड़ी कर दी इमारत**

इस घोटाले की शुरूआत मीरा-भायंदर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से दर्ज की गई कई एफआईआर से हुई थी. मामला वसई-विरार नगर निगम क्षेत्र में 2009 से सरकारी और निजी जमीनों पर अवैध रूप से रिहायशी व व्यावसायिक इमारतें बनाने से जुड़ा है. विकास योजना में जिस जमीन को सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और डंपिंग ग्राउंड के लिए आरक्षित किया गया था, उस पर 41 अवैध इमारतें खड़ी कर दी गईं.

# सरकार नहीं तय करेगी 15 अगस्त पर क्या खाएं, क्या पहने - अबू आजमी

**मुंबई** : समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अबू आजमी ने महाराष्ट्र में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मांस बिक्री पर प्रतिबंध के फैसले की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि सरकार को यह तय करने का अधिकार नहीं है कि लोग क्या खाएं या क्या पहनें।

आजमी ने बुधवार को आईएएनएस से बातचीत में तर्क दिया कि अंग्रेजों के खिलाफ स्वतंत्रता 15 अगस्त 1947 को मिली। हर साल आजादी का जश्न मनाते हैं। ऐसे दिन पर ऐसी पाबंदियां लगाना गलत है। अबू आजमी ने सड़क किनारे मांस बेचने वालों, कबाब बनाने वालों और छोटे व्यापारियों की आजीविका पर इस प्रतिबंध के प्रभाव पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इस फैसले



का सीधे तौर पर किसानों और होटल व्यवसायियों पर असर होगा। सरकार जनता के दुख-दर्द से बेपरवाह है।

**राहुल गांधी के 'वोट चोरी' मुद्दे की तारीफ**

राहुल गांधी के 'वोट चोरी' के मुद्दे की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि गहन अध्ययन और संघर्ष के जरिए 'वोट चोरी' का पदार्फाश किया गया है। राहुल गांधी द्वारा शुरू किया गया आंदोलन आगे बढ़ना चाहिए।

# माहिम इलाके में टैक्सी पर पेड़ गिर जाने से चालक घायल



**मुंबई:** मुंबई के माहिम इलाके में लेडी जमशेद जी मार्ग ( एलजे मार्ग) पर शोभा होटल के सामने बुधवार को सुबह एक टैक्सी पर पेड़ गिर जाने से टैक्सी चालक घायल हो गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही माहिम पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची और टैक्सी चालक को बांद्रा स्थित भाभा अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया है। घटनास्थल की सूचना पर पहुंची मुंबई फायर ब्रिगेड की टीम ने पेड़ काटकर टैक्सी को निकाला है।

पुलिस के अनुसार आज सुबह टैक्सी चालक सलमान खान (35) माहिम में एलजे मार्ग पर स्थित शोभा होटल के सामने टैक्सी खड़ीकर यात्री का इंतजार कर रहे थे।

उस समय हल्की बारिश हो रही थी। अचानक शोभा होटल के पास खड़ा पूराना पेड़ टैक्सी पर गिर गया, जिससे टैक्सी चालक सलमान घायल गो गए। इस घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और टैक्सी से निकाल कर घायल सलमान खान को बांद्रा भाभा अस्पताल में भर्ती करवाया है।

# मीरा भायंदर : एनजीओ की मदद से 14 वर्षीय बांग्लादेशी लड़की को बचाया

**मीरा भायंदर** : महाराष्ट्र के मानव तस्करी रोकथाम विभाग ने एक एनजीओ की मदद से 14 वर्षीय बांग्लादेशी लड़की को बचाया है, जिसे कथित तौर पर तीन महीने में कई लोगों ने यौन उत्पीड़न का शिकार बनाया। पुलिस अब तक इस मामले में 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जिनमें पुरुष और महिलाएं दोनों शामिल हैं। परीक्षा में फेल होने पर घर से भागी नाबालिग पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह बांग्लादेश की रहने वाली है और परीक्षा में असफल होने के बाद अपने माता-पिता की डांट और पिटाई के डर से घर से भाग गई थी। उसी दौरान उसकी मुलाकात एक परिचित महिला से हुई, जिसने उसे कोलकाता



ले जाया।

फर्जी दस्तावेज और तस्करी का सिलसिला कोलकाता में आरोपी महिला ने उसके फर्जी दस्तावेज तैयार कराए। इसके बाद उसे गुजरात के नडियाद भेजा गया, जहां एक बुजुर्ग व्यक्ति ने उसके साथ बलात्कार किया। इसके बाद उसकी अश्लील तस्वीरें खींचकर ब्लैकमेल किया गया और वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर किया गया। गुजरात और महाराष्ट्र में बेची-खरीदी गई पीड़िता ने बताया कि तीन महीने के दौरान उसे गुजरात और महाराष्ट्र के कई शहरों में अलग-अलग लोगों को बेचा और खरीदा गया। इस दौरान उसके साथ कथित तौर पर करीब 200 लोगों ने यौन शोषण किया। लड़की को जब मीरा भायंदर के वसई-विरार इलाके के नायगांव में लाया गया, तभी पुलिस और एनजीओ को इसकी जानकारी मिली। मानव तस्करी रोकथाम विभाग ने कार्रवाई की योजना बनाकर उसे रेस्क्यू किया।

जबरन वेश्यावृत्ति और टॉर्चर पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की है कि पीड़िता को जबरन वेश्यावृत्ति में धकेला गया था। इस दौरान उसके साथ मारपीट की गई और मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। मानव तस्करी रोकथाम विभाग और स्थानीय पुलिस टीम इस मामले में और गिरफ्तारियां करने के लिए काम कर रही हैं। पीड़िता को सुरक्षित स्थान पर रखा गया है और उसकी काउंसलिंग की जा रही है।

# मुंबई : प्रतीक्षित समुद्र तट सैरगाह का अनावरण करने के लिए पूरी तरह तैयार ; 15 अगस्त को जनता के लिए खुल जाएगा





**मुंबई:** अपने सबसे प्रतिष्ठित सार्वजनिक स्थलों में से एक, कोस्टल रोड के किनारे लंबे समय से प्रतीक्षित समुद्र तट सैरगाह का अनावरण करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह 15 अगस्त को शाम 4:30 बजे आधिकारिक तौर पर जनता के लिए खुल जाएगा। 7.47 किलोमीटर लंबा और 20 मीटर चौड़ा यह भव्य सैरगाह शहर के लिए एक नया मनोरंजक स्थल बनने का वादा करता है।

# संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## दबाव कम करने पर जोर...

केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोक सभा में दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2025 प्रस्तुत किया। इस संशोधन विधेयक से दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) में सुधार का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। यह विधेयक चर्चा के लिए संसद की प्रवर समिति को भेजा गया है। यह सातवां मौका है जब आईबीसी में संशोधन हो रहा है। पिछले कुछ समय से इस विधेयक का इंतजार हो रहा था। विभिन्न पक्षों एवं नीति विश्लेषकों ने समाधान प्रक्रियाओं के लंबे समय तक खिंचने और उम्मीदों पर खरा नहीं उतरने के लिए आईबीसी की आलोचना की है। हाल में जिस मामले का जून 2025 के अंत तक समाधान निकल कर आया उसमें औसतन 602 दिन लग गए। हाल में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद पूरी आईबीसी प्रक्रिया पर प्रश्न चिह्न खड़ा हो गया था। न्यायालय ने अपने उक्त आदेश में एक समाधान योजना खारिज कर दी थी और निगमित कर्जधारक के परिसमापन का आदेश दिया था। हालांकि, अच्छी बात यह रही कि यह आदेश वापस ले लिया गया है और अब मामले पर दोबारा सुनवाई हो रही है। दिवालिया प्रक्रिया का मकसद मामलों का त्वरित समाधान करना और परिसंपत्तियों का मूल्य ह्रास रोकना है।

समाधान निकालने में देरी से परिसंपत्तियों का मूल्यांकन कम हो जाता है जिससे न केवल ऋणदाता प्रभावित होते हैं बल्कि संपूर्ण अर्थव्यवस्था की उत्पादन क्षमता पर असर होता है। हालांकि, सरकार की इस बात के लिए सराहना की जानी चाहिए कि वह आईबीसी में लगातार सुधार के लिए प्रयासरत रही है और नवीनतम विधेयक उपयुक्त दिशा में उठाया गया कदम है। इस विधेयक का मकसद आईबीसी में सुधार कर मामलों का समय पर निपटारा करना है।

संशोधन विधेयक में जिन प्रमुख बातों की चर्चा है उनमें ऋणदाता की पहल पर शुरू होने वाली ऋण शोधन अक्षमता समाधान प्रक्रिया भी एक है। इसमें न्यायालय से बाहर मामलों के त्वरित एवं कम खर्च पर समाधान करने का भी प्रावधान है। इस प्रक्रिया का मकसद इस पर भी ध्यान देना है कि कारोबार को कोई व्यवधान न पहुंचे या यह कम से कम रहे।

स्पष्ट है कि संशोधन विधेयक का लक्ष्य न्यायिक प्रक्रिया पर दबाव कम करना है। आईबीसी में संशोधन के बाद न्यायिक प्रक्रिया 150 दिनों में पूरा हो जाने की उम्मीद है। न्याय निर्णयन प्राधिकरण आवश्यकता पड़ने पर समाधान प्रक्रिया अधिकतम 45 दिनों के लिए बढ़ा सकता है। लोक सभा में पेश इस संशोधन विधेयक में समूह ऋण शोधन अक्षमता एवं सीमा पार ऋण शोधन अक्षमता के लिए भी प्रावधानों का उल्लेख किया गया है। समूह ऋण शोधन अक्षमता प्रक्रिया का उद्देश्य पेचीदा ऋण शोधन अक्षमता का सामना करने वाली जटिल कंपनी समूह संरचनाओं से निपटना है।

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok




# मुंबई : पूर्व विधायक बच्चू कडू को सरकारी अधिकारी पर हमला करने और उसे धमकाने के जुर्म में तीन साल कारावास की सजा

**मुंबई :** एक विशेष अदालत ने पूर्व विधायक और प्रहार जनशक्ति पार्टी के संस्थापक बच्चू कडू को 2018 में मंत्रालय में एक सरकारी अधिकारी पर हमला करने और उसे धमकाने के जुर्म में तीन साल के साधारण कारावास की सजा सुनाई। हालांकि, विशेष न्यायाधीश एसआर नवंदर ने अमरावती जिले के अचलपुर से पूर्व विधायक को आदेश को चुनौती देने का अधिकार देने के लिए सजा को निलंबित कर दिया और अपील अवधि के लिए उन्हें जमानत दे दी। सांसदों और विधायकों से जुड़े मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत ने मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन में दर्ज मामले में कडू को भारतीय दंड संहिता की धारा 353 (किसी लोक सेवक को उसके कर्तव्य निर्वहन से रोकने के लिए हमला या आपराधिक बल का प्रयोग) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत दोषी ठहराया। उन्हें धारा 504 (जानबूझकर अपमान) के तहत आरोप से बरी कर दिया गया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, 26 सितंबर, 2018 को कडू कथित तौर पर कार्यालय समय के दौरान बिना अनुमति के मंत्रालय स्थित शिक्षा उपनिदेशक (योजना) विजयकुमार कलोसे के कक्ष में घुस गए। अदालत ने कहा कि ''आरोपी ऊंची आवाज में चिल्ला रहा था'' और कलोसे से एक प्रतियोगी परीक्षा से संबंधित निविदा प्रक्रिया रद्द करने के लिए कह रहा था।



जब कलोसे ने उसे अपनी आवाज धीमी करके शांति से बात करने के लिए कहा, तो कडू ''गुस्से में आ गया, मेज से लैपटॉप उठाया, उसे अपने सिर के ऊपर उठाया और उसे जान से मारने की धमकी दी...'', अदालत ने कहा। हालाँकि लैपटॉप का इस्तेमाल अंततः शिकायतकर्ता पर हमला करने के लिए नहीं किया गया था, फिर भी ''उसे धमकी भरे अंदाज में सिर के ऊपर उठाना एक सामान्य विवेकशील व्यक्ति को डराने के लिए पर्याप्त था,'' अदालत ने कहा।

# भिवंडी : भाजपा नेता दोहरे हत्याकांड से हडकंप!

## घटना के खिलाफ तीव्र विरोध...




**भिवंडी :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी के खर्डी इलाके में अज्ञात हमलावारों ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तांगड़ी और तेजस तांगड़ी धारदार हथियार से हत्या कर दी और फरार हो गए। इस घटना में धीरज तांगड़ी घायल हो गए, उनको नजदीकी अस्पताल में कराया गया है। भिवंडी पुलिस स्टेशन की टीम इस मामले छानबीन कर रही है।

इस दोहरे हत्याकांड से ठाणे में हडकंप मच गया है। भाजपा कार्यकर्ता इस घटना के खिलाफ तीव्र विरोध व्यक्त कर रहे हैं। इस घटना की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि भिवंडी में खर्डी स्थित कार्यालय में बीती रात प्रफुल्ल तांगड़ी, तेजस तांगड़ी और धीरज तांगड़ी बैठे थे।

उसी समय कार्यालय में पांच अज्ञात लोग कार्यालय में जबरन घुस गए और इन तीनों पर धारदार हथियारों से हमला करना शुरू कर दिया। हमलावरों ने भाजपा स्थानीय नेता को मृत समझकर वहां से तत्काल फरार हो गए। इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुँची और दोनों शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घायल धीरज का बयान दर्ज कर मामले की घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी के सहयोग से जाँच की जा रही है।

# मुंबई : रानी बाग में आने वाले पर्यटकों की संख्या में कमी

## नए प्राणी नहीं आने से पर्यटकों की संख्या में गिरावट...

**मुंबई :** भायखला स्थित जिजामाता उद्यान एवं प्राणी संग्रहालय रानी बाग में आने वाले पर्यटकों की संख्या में कमी दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान रानीबाग चिड़िया घर में 23 लाख 57 हजार 831 पर्यटक यहां पहुंचे, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में करीब छह लाख कम हैं। इस गिरावट के साथ ही उद्यान का राजस्व भी घटा है। माना जा रहा है कि नए आकर्षक प्राणियों और सुविधाओं की कमी भी इसका कारण हो सकती है। बता दे कि रानीबाग चिड़िया घर में पेंग्विन पक्षी लाए जाने के बाद पर्यटकों की संख्या में भारी बढ़ोत्तरी हुई थी। मनपा प्रशासन ने पेंग्विन पक्षी लाने के बाद पर्यटकों के शुल्क में बढ़ोत्तरी कर दी थी। लेकिन अब लग रहा है कि पर्यटकों का पेंग्विन पक्षी से मोहभंग



हो रहा है जिसके चलते अब पर्यटकों की संख्या में गिरावट देखी जा रही है। चिड़िया घर में नए पाणी एवं पक्षी भी नहीं लाए जा रहे है इसका भी पर्यटकों की संख्या में गिरावट का कारण माना जा रहा है। रानी बाग में सैकड़ों किस्म के पशु-पक्षी और दुर्लभवृक्ष हैं। कुछ वर्ष पहले यहां पेंग्विन भी लाए गए थे। बाग में 6,600 से अधिक पौधे और 350 से ज्यादा प्रजातियों के जानवर हैं। कोरोना काल में चिड़िया घर बंद रहने के बाद नवंबर 2021 में इसे फिर से खोला गया था।

# मुंबई : विक्रोली इलाके से भारतीय करेंसी के बदले नकली नोट देकर ठगी करने वाले गिरफ्तार


**मुंबई :** क्राइम ब्रांच ने सोमवार को विक्रोली इलाके से भारतीय करेंसी के बदले नकली नोट देकर ठगी करने वाले एक गिरोह को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छह मोबाइल फोन और भारी मात्रा में नकली नोट जब्त किए। क्राइम ब्रांच सेल 6 के अधिकारियों को सूचना मिली थी कि मुंबई शहर में एक बड़ा गिरोह नकली नोट बेच रहा है।



तदनुसार, क्राइम ब्रांच ने जांच की और नकली ग्राहक बनकर गिरोह से संपर्क किया। उस समय, आरोपियों ने बताया कि 25,000 रुपये में 1 लाख रुपए के नकली नोट दिए जा रहे हैं। पुलिस ने तुरंत गिरोह को विक्रोली इलाके में बुलाया। तदनुसार, क्राइम ब्रांच सेल 6 के अधिकारियों ने विक्रोली बस डिपो क्षेत्र के फिरोजशाह नगर में जाल बिछाया। ये आरोपी कई लोगों को ज्यादा मुनाफा कमाने का लालच देकर भारतीय नोटों के बदले नकली नोट दे रहे थे।

# धारावी में चल रहे घरों का सर्वेक्षण बंद !

## बकाया झोपड़ा धारकों को महिम स्थित ऑफिस पर जाकर कराना होगा सर्वेक्षण ...



**मुंबई :** धारावी पुनर्विकास प्रोजक्ट के तहत नवभारत मेगा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पिछले साल से घर-घर जाकर झोपडा धारकों का बायोमेट्रिक सर्वेक्षण मंगलवार से बंद कर दी है। अडानी समूह ने इसकी घोषणा पिछले महीने ही कर दी थी कि 12 अगस्त के बाद घर घर जाकर चल रहा सर्वेक्षण बंद किया जाएगा। अब जिन झोपड़ा धारकों का अपने घर का सर्वेक्षण कराना होगा उन्हें खुद धारावी प्राधिकरण के महिम स्थित ऑफिस पर जाकर कराना होगा। इस तरह की घोषणा डीआरपी और एनएमडीपीएल ने की है। कंपनी ने कहा है कि जिन्हें सर्वेक्षण कराना है वह आवश्यक दस्तावेज लेकर कंपनी के महिम स्थित कार्यालय पर स्वयं आए। बता दें कि धारावी पुनर्विकास प्रोजेक्ट अडानी समूह द्वारा एनएमडीपीएल कंपनी के मार्फत किया जा रहा है। इसके तहत झोपड़ों का सर्वेक्षण पिछले साल से किया जा रहा है। कुछ लोगों ने अडानी के सर्वेक्षण का विरोध करते हुए खुद सर्वेक्षण में शामिल नहीं हुए। अडानी समूह ने बीस दिन पहले ही घोषणा की थी कि जिन झोपड़ा धारकों का बायोमेट्रिक सर्वेक्षण नहीं हुआ है वह अपना सर्वेक्षण करा ले ।

कंपनी ने 12 अगस्त तक सर्वेक्षण शुरू रहने की बात कहते हुए इसके आगे घर घर जाकर सर्वेक्षण बंद करने की बात कही थी। मंगलवार को कंपनी की ओर से कह दिया गया कि जो झोपड़ा धारक बायोमेट्रिक सर्वेक्षण में शामिल नहीं हुए है उन झोपड़ा धारकों की पात्रता तय नहीं होगी और इस कारण उन्हें घर के लाभसे वंचित रहना पड़ सकता है। डीआरपी ने बायोमेट्रिक न कराने वाले लोगों से तुरंत डीआरपी और एनएमडीपीएल के कार्यालय से संपर्क कर प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है।

## पुणे : शिक्षा विस्तार अधिकारी 10,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार



**पुणे :** धुले के जिला परिषद शिक्षा विभाग के एक शिक्षा विस्तार अधिकारी को कथित तौर पर 10,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया। यह रिश्वत स्कूल की प्रतिकूल रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को न सौंपने के बदले में ली गई थी। जिला परिषद की शिक्षा अधिकारी रोहिणी नांद्रे ने धुले के चांदे गाँव स्थित जिला परिषद प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद पाया गया कि वहाँ छात्रों की संख्या कम थी। अनुदान की राशि समग्र शिक्षा योजना के तहत छात्रों की उपस्थिति के मूल मानदंडों के अनुसार जारी की जाती है, इसलिए अधिकारी की रिपोर्ट का विवरण अत्यंत महत्वपूर्ण होता है और यह विद्यालय के भविष्य का फैसला कर सकता है।

## मुंबई : वानखेड़े स्टेडियम और गरवारे क्लब हाउस के पुनर्निर्माण को चुनौती; जनहित याचिका खारिज

**मुंबई :** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने 2009 में दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया है, जिसमें दक्षिण मुंबई स्थित वानखेड़े स्टेडियम और गरवारे क्लब हाउस के पुनर्निर्माण को चुनौती दी गई थी। अदालत ने वैध अनुमतियों और सुरक्षा अनुपालन की पुष्टि की अदालत ने पाया कि पुनर्निर्माण कार्य शुरू होने से पहले वैधानिक अधिकारियों से आवश्यक अनुमतियाँ प्राप्त कर ली गई थीं। अदालत ने कहा, ''ऐसा कोई भी रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है जिससे यह संकेत मिले कि स्टेडियम के निर्माण से रेलवे लाइन को कोई खतरा था। काम पूरा हो चुका है और पूर्णता प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है,'' मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे और न्यायमूर्ति संदीप मार्ने की पीठ ने 8 अगस्त को कहा।

## मुंबई : पवई झील को सीवर से मुक्ति दिलाने के लिए अभियान शुरू

**मुंबई :** स्वतंत्रता दिवस से पहले, पर्यावरणविदों ने मुंबई की 600 हेक्टेयर में फैली पवई झील को सीवर से मुक्ति दिलाने के लिए एक केंद्रित अभियान शुरू किया है। यह झील प्रतिदिन 1.8 करोड़ लीटर अनुपचारित सीवर के बह जाने से गंदगी के भंडार में तब्दील हो गई है। ''मैं पवई झील हूँ, मुझे आपके सीवर से आजादी चाहिए'' शीर्षक से, नैटकनेक्ट फाउंडेशन के अभियान ने इस बात पर जोर दिया कि यह झील कभी मुंबई का एक रत्न हुआ करती थी और इसका एक प्रमुख आकर्षण थी। यह अभियान बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) से अपने स्वच्छ भारत अभियान के हिस्से के रूप में 'स्वच्छ पवई झील' मिशन को शामिल करने का अनुरोध करता है। कार्यकर्ता पामेला चीमा, जो बीएमसी द्वारा अधिकृत उन्नत स्थानीयता प्रबंधन (एएलएम) समिति की अध्यक्ष भी हैं, ने बताया कि झील में प्लास्टिक के रैपर, शराब की बोतलें और यहाँ तक कि मलबा जैसे कचरे के ढेर डाले जा रहे हैं।

## मुंबई 26/11 आतंकवादी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा की न्यायिक हिरासत 8 सितंबर तक बढ़ा दी...



**मुंबई :** एनआईए की एक विशेष अदालत ने बुधवार को 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा की न्यायिक हिरासत 8 सितंबर तक बढ़ा दी। न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद उसे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया। एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, एनआईए द्वारा पूरक आरोपपत्र दाखिल करने के बाद मामला दस्तावेजों की जाँच के चरण में है। पाकिस्तानी-कनाडाई नागरिक राणा, 26/11 के मुख्य षड्यंत्रकारी डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी है, जो एक अमेरिकी नागरिक है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा 4 अप्रैल को प्रत्यर्पण के खिलाफ उसकी समीक्षा याचिका खारिज करने के बाद उसे अमेरिका से प्रत्यर्पित किया गया था। राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (एनआईए) ने राणा की न्यायिक हिरासत की अवधि 13 अगस्त को समाप्त होने के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया। तहव्वुर राणा पर भारतीय दंड संहिता और गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम के तहत हत्या की साजिश रचने, भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने और आतंकवादी कृत्यों की योजना बनाने के आरोप हैं।

## मुंबई: कबूतरखानों पर लगे प्रतिबंध के समर्थन में मराठी एकीकरण समिति ने दादर में प्रदर्शन किया...



**मुंबई:** कबूतरखानों पर लगे प्रतिबंध के समर्थन में बुधवार को मराठी एकीकरण समिति ने दादर में प्रदर्शन किया। इसके बाद मौके पर तैनात पुलिस ने मराठी एकीकरण समिति के अध्यक्ष गोवर्धन देशमुख सहित दर्जनों प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया है। समिति ने अदालत के फैसले का सम्मान करने की अपील की है। गोवर्धन देशमुख ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि कबूतरखानों में दाना डालने पर अदालत ने प्रतिबंध लगाया है। इस प्रतिबंध के बावजूद जैन समाज के लोग कबूतरखानों में जबरन दाना डालने का प्रयास कर रहे हैं। यह अदालत के आदेश का अपमान है, लेकिन पुलिस इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। देशमुख ने कहा कि उनका प्रदर्शन सिर्फ अदालत के आदेश के समर्थन में है, लेकिन इसके बाद भी पुलिस उन्हें आंदोलन नहीं करने दे रही है।

दादर कबूतरखाना पर शांति स्थापित करने के वजह से मराठी एकीकरण समिति के कुछ प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है। इन सभी को कानूनी कार्रवाई के बाद छोड़ दिया जाएगा। मुंबई नगर निगम ने कबूतरों से आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर पड़ने की वजह से कबूतरखानों पर प्रतिबंध लगा दिया था।

## मुंबई : 14 अगस्त को एससीएलआर विस्तार और कलानगर फ्लाईओवर के अंतिम भाग का उद्घाटन

**मुंबई :** वर्षों की प्रतीक्षा के बाद, मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) 14 अगस्त को दो प्रमुख बुनियादी ढाँचे - सांताक्रूज-चेंबूर लिंक रोड (एससीएलआर) विस्तार और कलानगर फ्लाईओवर के अंतिम भाग - का उद्घाटन करने जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, उद्घाटन का प्रस्ताव मुख्यमंत्री कार्यालय को भेज दिया गया है, और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा समारोह की अध्यक्षता किए जाने की उम्मीद है। संपर्क को बढ़ावा और यातायात में राहत इस उद्घाटन से पश्चिमी और पूर्वी एक्सप्रेस राजमार्गों के बीच संपर्क में उल्लेखनीय सुधार होगा, साथ ही कुर्ला, हवाई अड्डे और बांद्रा-वर्ली सी लिंक के बीच यात्रा करने वाले वाहन चालकों के लिए भीड़भाड़ भी कम होगी।

## मुंबई : मध्यम से भारी वर्षा और कुछ स्थानों पर तेज हवाएँ चलने की संभावना

**मुंबई :** मुंबई और इसके महानगरीय क्षेत्रों में गरज के साथ छींटे पड़ने, बिजली कड़कने, मध्यम से भारी वर्षा और कुछ स्थानों पर तेज हवाएँ (30-40 किमी प्रति घंटे) चलने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले चार दिनों के लिए मुंबई, ठाणे, पालघर और रायगढ़ जिलों को येलो अलर्ट पर रखा है। मुंबई शहर और उपनगरों के लिए अगले 48 घंटों के स्थानीय मौसम पूवार्नुमान के अनुसार, आसमान में आमतौर पर बादल छाए रहेंगे और मध्यम बारिश के साथ गरज के साथ बिजली कड़कने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

## मुंबई: महाराष्ट्र पुलिस बल में लगभग 15 हजार नए पुलिसकर्मियों की भर्ती को मंजूरी



**मुंबई:** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में महाराष्ट्र पुलिस बल में लगभग 15 हजार नए पुलिसकर्मियों की भर्ती को मंजूरी दे दी है। इस भर्ती से राज्य में कानून-व्यवस्था और बेहतर होगी और पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं को पुलिसकर्मी बनने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में मंगलवार को मुंबई में राज्य कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई थी।

इस बैठक में गृह विभाग के प्रस्ताव, जिसमें 15 हजार नए पुलिसकर्मियों की भर्ती को तत्काल मंजूरी दी गई। इसी तरह राज्य में राशन दुकानदारों का मार्जिन बढ़ाने का फैसला किया गया है। यह फैसला सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन कार्ड धारकों को दिए जाने वाले खाद्यान्न वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता और दक्षता के लिए उपयोगी होगा और दुकानदारों की वित्तीय स्थिरता बढ़ाने में मदद करेगा।

## अंधेरी पूर्व के मरोल में एक घानाई नागरिक गिरफ्तार; 1.15 करोड़ रुपये मूल्य की 287.80 ग्राम कोकीन जब्त



**मुंबई :** एमआईडीसी पुलिस ने अंधेरी पूर्व के मरोल में एक घानाई नागरिक को गिरफ्तार कर उसके पास से 1.15 करोड़ रुपये मूल्य की 287.80 ग्राम कोकीन जब्त की। आरोपी की पहचान 34 वर्षीय हेनरी अल्मोह के रूप में हुई है, जो कथित तौर पर कोकीन बेचने के लिए अपने पास रखे हुए था। जब्ती की गई अतिरिक्त चीजें कोकीन के अलावा, पुलिस ने उसके पास से महंगे मोबाइल फोन और नकदी भी जब्त की। पुलिस के अनुसार, आरोपी पिछले कुछ महीनों से मुंबई में रह रहा था और उस पर स्थानीय स्तर पर और बड़े-बड़े पार्टी हॉल में कोकीन बेचने का संदेह है।

# मुंबई: कांग्रेस पार्टी पर " झूठा प्रचार " और भारत के चुनाव आयोग को निशाना बनाने का आरोप - केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले

**मुंबई:** केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने बुधवार को वोट चोरी के किसी भी आरोप को खारिज कर दिया, और कांग्रेस पार्टी पर इस मुद्दे पर " झूठा प्रचार " करने और केवल भारत के चुनाव आयोग को निशाना बनाने का आरोप लगाया। कांग्रेस पार्टी पर पाखंडी होने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि ईसीआई कार्यालय के सामने रैलियां आयोजित करने के बावजूद , जब उन्हें मुद्दों के समाधान के लिए बैठक के लिए बुलाया जाता है तो वे जाने को तैयार नहीं होते। अठावले ने एएनआई से कहा, ''इस आरोप में बिल्कुल सच्चाई नहीं है कि वोट चुराए जा रहे हैं... 2024 के लोकसभा चुनावों में भी उन्होंने (कांग्रेस ने) इस तरह का झूठा प्रचार किया था । अगर वे विरोध करना चाहते हैं, तो उन्हें करने दें, लेकिन वे एक नैरेटिव बनाने की कोशिश कर रहे हैं और लोगों के सामने एक नकारात्मक भूमिका पेश कर रहे हैं। उनके पास कोई और मुद्दा



नहीं है, इसलिए वे चुनाव आयोग को निशाना बना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विपक्ष के आरोपों में कोई दम नहीं है। उन्होंने कहा, ''राहुल गांधी और विपक्ष बिना किसी आधार के इस मुद्दे को उठा रहे हैं... वे (राहुल गांधी) चुनाव आयोग कार्यालय के सामने रैलियां करने जाते हैं, लेकिन जब चुनाव आयोग उन्हें चर्चा के लिए बुलाता है, तो वे नहीं जाते। इससे पहले आज, भाजपा नेता बूरा नरसैया गौड़ ने बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और चुनावों में ''वोट चोरी'' के मुद्दे पर विपक्षी दलों के विरोध की आलोचना की और उन पर ''विदेशी शक्तियों और वित्त पोषण एजेंसियों के समर्थन से काम करने'' का आरोप लगाया, जो भारत की प्रगति को रोकने पर तुली हुई हैं। इस बीच पटना में राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि भारत का चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर बिहार में मतदाता सूची में हेरफेर करने के लिए अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को दो मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबर जारी कर रहा है।

## मुंबई : कुप्रबंधन को लेकर कमिश्नर कार्यालय के बाहर नागरिकों किया विरोध प्रदर्शन...



**मुंबई :** पुलिस कमिश्नर देवेन भारती के जनता दरबार का दूसरा संस्करण अराजकता की भेंट चढ़ गया, जब गुस्साए नागरिकों ने कथित कुप्रबंधन को लेकर कमिश्नर कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। पिछले हफ्ते शुरू की गई जनता दरबार पहल का उद्देश्य मुंबई के निवासियों को अपनी शिकायतें दर्ज कराने और शहर के शीर्ष पुलिस अधिकारी से निवारण पाने के लिए एक सीधा मंच प्रदान करना है। हालांकि, भारी भीड़ की उम्मीद के बावजूद, पुलिस अधिकारी कथित तौर पर पर्याप्त व्यवस्था करने में विफल रहे। इसकी शुरूआत के बाद से, पुलिस ने यह सुनिश्चित किया है कि जनता दरबार में आने के लिए किसी पूर्व नियुक्ति या टोकन की आवश्यकता नहीं है। इस खुली नीति का मतलब था कि मंगलवार को बड़ी संख्या में नागरिक अपनी शिकायतें लेकर कमिश्नर कार्यालय पहुंचे।

## विरार : 16 वर्षीय लड़की से बलात्कार; 21 वर्षीय युवक के खिलाफ मामला दर्ज



**विरार :** विरार पुलिस ने एक 21 वर्षीय युवक के खिलाफ 16 वर्षीय लड़की के साथ कथित तौर पर बलात्कार करने और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया है। यह घटना कथित तौर पर उत्तर प्रदेश में पीड़िता के पैतृक गाँव में हुई। नाबालिग लड़की के परिवार ने शिकायत दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के कुड़वा देहरा गाँव के निवासी आरोपी ने उसी गाँव की रहने वाली नाबालिग लड़की से दोस्ती की। प्राथमिकी में कहा गया है कि 17 मई, 2025 की रात में, आरोपी ने अपने पुराने घर पर पीड़िता के साथ कथित तौर पर जबरन शारीरिक संबंध बनाए। उसने कथित तौर पर उसकी इच्छा के विरुद्ध उसकी छाती और कमर को भी छुआ। कथित कृत्य के बाद, आरोपी ने पीड़िता को धमकी दी कि अगर उसने ऐसा नहीं किया तो वह उसके साथ उसकी तस्वीरें उसके रिश्तेदारों को दिखा देगा।

## मुंबई : केकड़े पकड़ने गए 50 वर्षीय एक व्यक्ति और उसका 12 वर्षीय बेटा डूब गए

**मुंबई :** कांदिवली पूर्व स्थित एक झील में 50 वर्षीय एक व्यक्ति और उसका 12 वर्षीय बेटा डूब गए। पुलिस को झील के पास केकड़ों से भरा एक थैला मिला और उन्हें शक है कि दोनों केकड़े पकड़ने गए होंगे। पुलिस के अनुसार, घटना दोपहर 12:30 बजे की है जब कांदिवली पूर्व के क्रांति नगर स्थित बजरंग चॉल निवासी एकनाथ मारुति पाटिल और उनका बेटा वैष्णव झील पर गए थे। घटना का पता तब चला जब वन रक्षकों ने पुलिस को सूचना दी कि झील में दो लोग मृत पाए गए हैं।

## ठाणे : दो कारों से 15 किलोग्राम से अधिक मेफेड्रोन जब्त... दो गिरफ्तार

**ठाणे :** ठाणे जिले में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नासिक-ठाणे राजमार्ग पर दो कारों से 15 किलोग्राम से अधिक मेफेड्रोन जब्त किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 31.8 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों का पूर्व में आपराधिक इतिहास रहा है। ठाणे शहर पुलिस की अपराध शाखा को सूचना मिली थी कि भिवंडी बाईपास रोड पर रंजनोली के पास प्रतिबंधित दवाओं की एक बड़ी खेप आने वाली है। जिसके बाद 9 अगस्त को पुलिस टीम ने जाल बिछाकर दो वाहनों को रोका और पूरे मामले का पदार्फाश किया। इस मामले



में भिवंडी के कोनगांव पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस अधिनियम के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और आगे की जांच जारी है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान तनवीर अहमद कमर अहमद अंसारी (23) निवासी मुंब्रा और महेश हिंदुराव देसाई (35) निवासी विठ्ठलवाड़ी के रूप में हुई है। अंसारी की कार में 11.7 किलोग्राम मेफेड्रोन पाया गया, जबकि देसाई की बीएमडब्ल्यू कार में 4.161 किलोग्राम ड्रग्स पाया गया। बीएमडब्ल्यू के पीछे ठाणे नगर निगम का लोगो लगा था, जिसकी जाँच की जा रही है, जबकि अंसारी चोरी की कार चला रहा था। पुलिस के अनुसार, अंसारी भिवंडी में दर्ज कई आपराधिक मामलों में संलिप्त है, जबकि कोल्हापुर निवासी देसाई पर एनडीपीएस और मकोका के तहत कई मामले दर्ज हैं। शुरूआती जाँच में पता चला है कि ये ड्रग्स ठाणे और मुंबई में सप्लाई किए जाने थे। पुलिस अब सप्लाई नेटवर्क और ड्रग्स के स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## मुंबई: बीएमसी स्कूलों में 'संपर्क स्मार्ट स्कूल' योजना का शुभारंभ...



**मुंबई:** बीएमसी के स्कूलों में मंगलवार से 'संपर्क स्मार्ट स्कूल' योजना का शुभारंभ किया गया है। यह योजना महाराष्ट्र राज्य व संपर्क फाउंडेशन के सहयोग से 135 स्कूलों में शुरू की गई है। इस योजना का लाभ 18 हजार से अधिक विद्यार्थियों को मिलेगा। मनपा मुख्यालय में इस योजना का शुभारंभ मनपा आयुक्त भूषण गगरानी और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इस योजना के तहत स्कूल के लिए एलईडी टीवी सेट, 273 टेलीविजन सेट, शिक्षकों के लिए स्मार्ट स्कूल एप्लीकेशन, पाठ्यपुस्तकों पर आधारित 2700 वीडियो, मूल्यांकन के लिए 30 हजार प्रश्न आदि शामिल हैं। इसके लिए मनपा के 200 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है।

संपर्क फाउंडेशन की यह पहल देश के 8 राज्यों में क्रियान्वित की जा रही है। यह पहल एक करोड़ 80 लाख छात्रों तक पहुंच चुकी है। राज्य के 13 हजार स्कूलों में यह योजना शुरू की गई है। मुंबई के परेल, दादर, भायखला, घाटकोपर, चेंबूर, भांडुप, कुर्ला, सांताक्रूज, गोरेगांव और बोरीवली के कुल 135 बीएमसी स्कूलों में यह योजना शुरू की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षकों की क्षमताओं का विकास और शिक्षा पद्धति को सरल बनाना है। बीएमसी आयुक्त गगरानी के अनुसार यह योजना शिक्षा क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव लाएगी।

## पालघर : ₹50 लाख के सोने-चाँदी के आभूषण चुराने के महिला रिश्तेदार गिरफ्तार; अपराध को अंजाम देने के लिए नकली दाढ़ी का किया इस्तेमाल...



**पालघर :** वसई में हाल ही में दिनदहाड़े हुई एक डकैती में एक चौंकाने वाला मोड़ आया है। पुलिस ने लगभग ₹50 लाख मूल्य के सोने-चाँदी के आभूषण चुराने के आरोप में बुजुर्ग पीड़ित की एक महिला रिश्तेदार को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने पीड़ित के घर पर अपराध को अंजाम देने के लिए नकली दाढ़ी का इस्तेमाल किया था। शिकायतकर्ता, शास्त्री नगर के किशोर कुंज अपार्टमेंट में रहने वाले व्यवसायी ओधवजी खिमजी भानुशाली (66) को निशाना बनाया गया। उसी शाम बाद में मानिकपुर पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, आरोपी, जो कथित तौर पर एक रिश्तेदार है, नकली दाढ़ी लगाकर घर में घुसी और खुद को पुरुष बताने की कोशिश की और कहा कि उसे बाथरूम जाना है।

संपर्क कार्यालय : रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com